छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना | by Jai Shankar Chaudhary

छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना
कहते हैं लोग इसे राम का दीवाना
छम छम ...
छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना

पांव में घुंघरू बांध के नाचे
रामजी का नाम इसे प्यारा लागे
राम ने भी देखो इसे खूब पहचाना
छम छम ...
छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना

जहां-जहां कीर्तन होता श्री राम का
लगता है पहरा वहां वीर हनुमान का
राम के चरण में है इनका ठिकाना
छम छम ...
छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना

नाच नाच देखो श्रीराम को रिझाए
बनवारी रात दिन नाचता ही जाए
भक्तों में भक्त बड़ा दुनिया ने माना
छम छम ...
छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9b%e0%a4%ae-%e0%a4%9b%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%9a%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%96%e0%a5%8b-%e0%a4%b5%e0%a5%80%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8/